दिनांक: 02.06.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

18वीं लोकसभा के चुनाव के तहत चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी मतगणना स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। अलवर जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने मतगणना स्थल बाबू शोभाराम कला महाविद्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भरतपुर में जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक ने महारानी श्री जया कॉलेज का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। अजमेर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने भी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना कर्मियों को समन्वय के साथ काम करने को कहा।

देश में इस वर्ष मई महीने के लिए सकल वस्तु और सेवा कर – जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख 73 हजार करोड़ रुपए हुआ है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह 10 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। मई महीने के कुल संग्रह में केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर 32 हजार करोड़ रुपए से अधिक, राज्य वस्तु और सेवा कर 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक, और एकीकृत वस्तु और सेवा कर 87 हजार 781 करोड़ रुपए से अधिक और उपकर 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड का लेखांकन करने के बाद पिछले महीने का शुद्ध जीएसटी राजस्व एक लाख 44 हजार करोड़ रुपए हैं। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में छह दशमलव नौ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर आंधी बारिश की गतिविधियां दर्ज की गयीं। दिन में तेज गर्मी के बाद दोपहर बाद मौसम में अचानक आए बदलाव से बढ़ते तापमान से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार दिन का सर्वाधिक 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। वहीं सीकर में रात का तापमान 23 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो प्रदेश में बीती रात सबसे कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज भी बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियों की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं कहीं तेज आंधी चलने का भी पूर्वानुमान है। चार जून के बाद पश्चिमी जिलों में एक बार फिर तापमान बढने और हीटवेव का दौर शुरू होने की आशंका है।

प्रदेश में मिलावट के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कल खाद्य सुरक्षा विभाग ने जयपुर के कई इलाकों में कार्रवाई कर नकली और मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त की। खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि इस दौरान कानोता क्षेत्र में तीन हजार दो सौ किलो सॉस को नष्ट करवाया गया। उन्होंने बताया कि यह वेजिटेबल सॉस 25 प्लास्टिक के ड्रमों में भरा हुआ था और ये घटिया तथा रंग मिलाकर तैयार किया गया था।

रसद विभाग ने श्रीगंगानगर में एक फर्म से करीब एक हजार लीटर अवैध डीजल जब्त किया। विभाग ने अवैध रूप से भंडारण किया गया साढे 23 हज़ार किलो पेट्रोलियम उत्पाद भी सीज किया। डीएसओ सुमित्रा बिश्नोई ने बताया कि संबंधित फर्म के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

केकड़ी पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के कैशियर को 21 लाख रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। सिटी थानाधिकारी ने बताया कि बैंक प्रबंधन की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच की गयी, जिसमें कैशियर को दोषी पाया गया। पुलिस ने आरोपी कैशियर को सात दिन के रिमांड पर लिया है।

श्रीगंगानगर में गंगनहर फीडर से नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने दौरा कर स्थित का जायजा लिया। दल के सदस्यों ने खंखा और शिवपुर हैड तथा लिंक चैनल तक फीडर का निरीक्षण किया और अवैध पाइपों का हटाया। इस दौरान सहायक अभियंता ने कार्मिकों को फीडर का निरीक्षण करने और प्वाइंट्स की जीपीएस पोजिशन नियमित रूप से साझा करने के निर्देश दिये।

आईसीसी ट्वेन्टी–ट्वेन्टी् विश्व कप क्रिकेट के पहले मैच में, अमेरीका ने कनाडा को सात विकेट से हरा दिया है। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 194 रन बनाये। अमरीका ने यह लक्ष्य दो ओवर शेष रहते पूरा कर लिया।